@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Saturday, 13 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 267 Pages 04 | ₹3.00

# Rajasthan Pushes Green Agriculture Agenda as Top Leaders Rally Farmers Towards Natural Farming

FAIR REPORT

**JAIPUR:** In a significant push towards sustainable agriculture, Rajasthan's top constitutional and political leadership on Friday united on a common platform to champion natural farming, urging farmers to reduce dependence on chemical inputs and embrace environmentally responsible cultivation practices. Addressing a large gathering at the Sawai Mansingh Stadium during the State-Level Natural Farming Workshop and Mallakhamb Demonstration, Governor Haribhau Kisanrao Bagde, Chief Minister Bhajan Lal Sharma, Gujarat Governor Acharya Devvrat, BJP State President Madan Rathore and BJP Kisan Morcha President Kailash Choudhary called for a mass movement to transform Rajasthan's agricultural landscape through natural farming. The event witnessed the participation of senior BJP leaders, members of the Council of Ministers, Members of Parliament, MLAs and thousands of farmers from across the state.

Speakers highlighted natural farming as a pathway to healthier soil, lower cultivation costs, chemical-free produce and improved farmer incomes. They emphasized the need to preserve agricultural sustainability while ensuring long-term food security.

The gathering also featured an impressive Mallakhamb demonstration, showcasing India's traditional sporting heritage alongside discussions on agricultural innovation. The workshop underscored the state government's growing focus on promoting eco-friendly farming practices and positioning Rajasthan at the forefront of India's natural farming movement.



### 'Congress Must Be the Glue': Rahul Gandhi Calls for INDIA Bloc Unity Amid Opposition Churn

**NEW DELHI :** In a significant message aimed at consolidating the Opposition ahead of crucial political battles, Rahul Gandhi has asserted that the Congress party's primary responsibility is to keep the INDIA alliance united through "love and affection," underscoring its role as the coalition's central binding force. Addressing leaders of the INDIA bloc during a meeting on June 8, Gandhi said, "The Congress Party's role, as many of you have stated, is to unite all of you together with love and affection." The remark comes at a time when the Opposition alliance faces growing challenges in maintaining cohesion among its diverse regional partners.

Political observers view the statement as a clear attempt by Congress leadership to position the party as both a facilitator and anchor of the anti-BJP coalition, amid recurring tensions over leadership, seat-sharing, and regional ambitions. The comments have sparked fresh debate within political circles over the future direction of the INDIA alliance and Congress' evolving role within it. While alliance leaders have repeatedly stressed unity against the BJP, Gandhi's remarks signal that Congress intends to play a more proactive role in holding together a coalition that spans multiple ideologies, regions, and political interests.

## Contract Nurse Dies by Suicide at Jaipur's SMS Hospital; Employment Uncertainty Under Scanner

FAIR REPORT

**JAIPUR:** A tragic incident at Jaipur's premier government healthcare institution, the Sawai Man Singh Hospital, has raised fresh concerns over the working conditions and job security of contractual healthcare workers.



According to information circulating among hospital staff, a contractual nursing employee, identified as Deepak Kharwal, allegedly died by suicide on Friday. The incident reportedly occurred in the ICU area of the Women's Hospital wing attached to the SMS medical complex.

Sources within the hospital claimed that the employee had been under considerable stress following concerns over his continuation in service. Reports suggest he was facing uncertainty regarding his employment status, a factor that colleagues believe may have contributed to his mental distress. However, officials are yet to issue a detailed statement on the circumstances leading to the incident.

The news spread rapidly across the SMS Hospital campus, triggering shock and grief among healthcare workers. A large number of nurses and hospital employees reportedly gathered at the emergency wing soon after learning about the incident.

The episode has once again spotlighted the pressures faced by contractual staff in public healthcare institutions, where concerns relating to job security, workload and administrative decisions often remain contentious issues.

Police and hospital authorities are expected to conduct an inquiry to ascertain the exact circumstances surrounding the death. Further details are awaited as investigations progress.

If you or someone you know is struggling with thoughts of self-harm or suicide, seek immediate support from local emergency services, mental health professionals, or a suicide prevention helpline.

## Mustard Oil Under Scanner: 3.64 Tonnes Seized in Jaipur Raid Amid Fresh Adulteration Fears

FAIR REPORT

**JAIPUR :** In a major crackdown under Rajasthan's ongoing "Shuddh Aahar Milawat Par Vaar" campaign, food safety authorities on Thursday seized nearly 3.64 tonnes of mustard oil from a wholesale trader in Jaipur's Muhana Mandi after officials suspected possible adulteration based on the product's colour and aroma. Acting on the directions of Food Safety Commissioner Dr T. Shubhamangala, a food safety team from Jaipur-II conducted a surprise inspection at M/s Kamal & Company, where stocks of Tagore Brand and Vidhi Brand mustard oil supplied by M/s Goyal Oil Udyog came under scrutiny. According to Chief Medical and Health Officer (Jaipur-II) Dr Manish Mittal, officials noticed abnormalities in the oil's appearance and smell during inspection, raising concerns about potential adulteration. Samples were immediately collected and sent for laboratory analysis. Pending the test results, authorities sealed approximately 3,640 litres of mustard oil and prohibited the firm from selling the stock until further orders. The seized consignment included large quantities packed in tins and plastic containers of various sizes. Officials said the stock comprised 90 tins of Tagore Brand mustard oil, along with hundreds of plastic jars ranging from half-litre to five-litre packs. Additional stocks of Vidhi Brand oil were also sealed. Investigators traced the manufacturing source to M/s Goyal Oil Udyog, operating from Akeda Doongar, Lakshminarayanpura and the VKI Industrial Area in Jaipur. Significantly, officials revealed that samples of Tagore Brand mustard oil had previously been found adulterated, intensifying concerns over the quality and safety of the product reaching consumers.

## Rajasthan Extends Wheat Procurement Deadline, Raises Purchase Target in Major Relief for Farmers

FAIR REPORT

**JAIPUR :** In a significant relief measure for farmers, the Rajasthan Government has extended the wheat procurement period under the Minimum Support Price (MSP) scheme until June 19, allowing registered growers additional time to sell their produce at assured rate8s.

Acting on the directions of Chief Minister Bhajan Lal Sharma, the Food and Civil Supplies Department has prolonged the procurement window for the 2026-27 rabi marketing season, ensuring that farmers whose wheat remains unsold can continue to benefit from government-backed procurement.

The state has also substantially revised its procurement ambitions, increasing the wheat purchase target from 23.50 lakh metric tonnes to 28.50 lakh metric tonnes. Officials said more than 3 lakh farmers have already sold approximately 25.90 lakh metric tonnes of wheat through the procurement system, reflecting strong participation across the state.

Under the current procurement policy, farmers are receiving the Centre's MSP of 2,585 per quintal along with an additional state bonus of 150 per quintal, taking the effective procurement price to 2,735 per quintal. The enhanced payout places Rajasthan among the leading states offering the highest returns to wheat growers through government procurement channels.

The extension comes at a crucial stage of the procurement season and is expected to benefit thousands of farmers who were yet to market their produce. Agriculture sector observers note that the move not only provides price security but also helps prevent distress sales in local markets.

Chief Minister Sharma reiterated that farmer welfare remains a top priority for the state government. Echoing Prime Minister Narendra Modi's vision that national prosperity is intrinsically linked to the prosperity of farmers, he said the government is committed to ensuring remunerative prices, streamlining procurement mechanisms and strengthening the agricultural economy.

The state administration has directed procurement agencies to maintain smooth operations, achieve revised procurement targets and ensure that farmers do not face logistical hurdles during the extended period. Simultaneously, authorities have been instructed to make adequate arrangements for the safe storage and handling of the procured wheat.

With procurement volumes already approaching the revised target, the extension underscores Rajasthan's effort to maximise farmer participation while reinforcing its position as one of India's most farmer-focused wheat procurement states.




## ₹2.5-Crore Drug Empire Frozen: Rajasthan Police Strike Hard Under Operation Trinetra

FAIR REPORT

**JAIPUR:** Rajasthan Police have dealt a major blow to narcotics trafficking by freezing assets worth nearly 2.5 crore allegedly acquired through the drug trade by Pratapgarh-based accused Shoaib Mansuri.



The action, carried out under Operation Trinetra on the directions of Pratapgarh SP B. Aditya, targets a luxury mansion and agricultural land allegedly purchased using proceeds from trafficking in opium, dodachura, MDMA and brown sugar. The properties, registered in the names of Mansuri's mother and wife, were frozen under Section 68F(1) of the NDPS Act after approval from the Competent Authority under SAFEMA and the NDPS Act in New Delhi.

Police investigations revealed that Mansuri had constructed an upscale house in Asawata village, valued at around 1.5 crore, and acquired agricultural land worth nearly 1 crore. Officials have affixed government notices on the properties, prohibiting their sale, transfer or use.

The case stems from a 2024 seizure of 3.42 kg of MDMA from an i20 car in Chittorgarh. Investigators later identified Mansuri as the alleged supplier and arrested him on April 25, 2026.

Police say Mansuri faces six NDPS cases and that the crackdown reflects a growing focus on dismantling the financial foundations of organised drug trafficking networks.

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले का जयपुर दौरा

# EWS आरक्षण की आय सीमा 8 लाख से बढ़ाकर 12 से 15 लाख होने के दिए संकेत

FAIR REPORT
जयपुर

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने EWS आरक्षण की आय सीमा को 8 लाख से बढ़ाकर 12 से 15 लाख रुपए करने के संकेत दिए हैं। अठावले ने हालात सामान्य होने पर पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाने की बात भी कही।

अठावले ने कहा- अभी 8 लाख से कम सालाना आय वालों को ही EWS आरक्षण मिलता है। हमारे पास इसे बढ़ाने की मांग आई है। हमारा मंत्रालय और नीति आयोग ईडब्ल्यूएस आरक्षण में आय सीमा को बढ़ाकर 12 से 15 लाख रुपए करने पर विचार कर रहा है।



उन्होंने कहा- सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को 10 फीसदी EWS आरक्षण मिलता है। इसका फायदा सवर्ण जातियों से लेकर सभी धर्मों के लोगों को मिलता है। अठावले जयपुर के खासाकोठी सर्किट हाउस में शुक्रवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 12 वर्षों में विकास और जनकल्याणकारी कई ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं। केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना का निर्णय लिया है, जिससे सभी वर्गों और परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का बेहतर आकलन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत देशभर में 58 करोड़ 30 लाख से अधिक खाते खोले गए हैं और राजस्थान में 3 करोड़ 84 लाख से अधिक खाते खोले गए हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 58 करोड़ 31 लाख से अधिक लोगों को 39 लाख करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए हैं। वहीं राजस्थान में 2 करोड़ 51 लाख 93 हजार लाभार्थियों को इस योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2015 से 2026 तक 209404.26 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए हैं।

## राजस्थान में 74 लाख से ज्यादा उज्ज्वला रसोई गैस कनेक्शन

केन्द्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत देशभर में 10 करोड़ 43 लाख कनेक्शन आवंटित किए गए हैं, जबकि राजस्थान में 74 लाख 32 हजार रसोई गैस कनेक्शन आवंटित किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत अब तक देशभर में 2 करोड़ 79 लाख से अधिक मकानों का निर्माण हो चुका है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत पिछले एक दशक में 96 लाख 71 हजार से अधिक देशभर में मकानों का निर्माण हो चुका है। राजस्थान में इस योजना के अंतर्गत 2 लाख 74 हजार से अधिक मकानों का निर्माण हो चुका है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में केन्द्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि देशभर में 12 करोड़ 17 लाख से अधिक लोगों ने इसका लाभ लिया है, वहीं राजस्थान में 2018 से 2026 तक 95 लाख से अधिक लोग इस योजना के अंतर्गत लाभ ले रहे हैं। उजाला योजना के तहत देशभर में 36 करोड़ से अधिक बल्ब वितरित किए गए हैं, वहीं राजस्थान में पिछले एक दशक में 1 करोड़ 73 लाख एलईडी बल्ब वितरित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने बताया कि देशभर में नशा मुक्ति केन्द्रों की स्थापना के लिए वर्ष 2021 से मार्च 2026 तक 769 केन्द्रों के लिए 580 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित कि गई है, जिसमें राजस्थान में 35 केन्द्रों को 39 करोड़ 72 लाख से अधिक की राशि जारी की गई है।

## युवा नशे से दूर रहें और अपनी ऊर्जा को देश-प्रदेश के विकास में लगाएं

जयपुर में नशा मुक्त भारत जन चेतना सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अठावले ने युवा पीढ़ी से हर तरह के नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा को देश के विकास में लगाएं, ताकि देश को विकसित बनाने में युवाओं की हिस्सेदारी बढ़े। समारोह में लोगों से अपील की कि वे सभी अपने आस-पास नशा करने वाले लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि यदि कोई निजी संस्था नशा मुक्ति केंद्र खोलना चाहती है तो केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से सहायता दी जाएगी।

शहरी सेवा शिविरों में पहले ही दिन बड़ी उपलब्धि

# आमजन को राहत, एक ही दिन में 9932 प्रकरणों का निस्तारण



जेडीए द्वारा आयोजित शिविर की तैयारियों का शुक्रवार को जेडीसी सिद्धार्थ महाजन ने नागरिक सेवा केन्द्र पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से शिविरों में आने वाले आवेदकों को सरल, सुगम एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध राहत मिल सके।

FAIR REPORT
जयपुर

प्रदेशभर में संचालित किए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शहरी सेवा शिविरों में आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जा रही है। शुक्रवार को शिविरों में विभिन्न नगरीय निकायों व विकास प्राधिकरणों द्वारा आमजन से प्राप्त बड़ी संख्या में प्रकरणों एवं शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई।

दरअसल, सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को त्वरित राहत, सुशासन और जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में शहरी सेवा शिविरों का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। शिविरों के दौरान पट्टा, नामांतरण, भवन निर्माण, भू-उपयोग परिवर्तन, जनसूचना, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता एवं अन्य नागरिक सेवाओं से संबंधित कुल 9,932 प्रकरणों एवं शिकायतों का निस्तारण किया गया। पट्टा व भूमि संबंधी मामलों में 1468 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1173 प्रकरणों का निस्तारण किया गया और 65 स्वीकृतियां जारी की गईं। इनमें कृषि भूमि पर बसी स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत पट्टों के 671 प्रकरणों का निस्तारण और 34 स्वीकृतियां जारी की गईं। इसके अलावा कच्ची बस्ती नियमन, अपंजीकृत पट्टों के पंजीयन, पुनः पट्टा जारी करने, लीज मुक्त प्रमाण-पत्र और भूखण्ड विभाजन जैसे मामलों का भी त्वरित समाधान किया गया।

शिविरों में नामांतरण, निर्माण अवधि विस्तार, भू-उपयोग परिवर्तन व अन्य नियोजन संबंधी मामलों में 1665 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1491 प्रकरणों का निस्तारण किया गया और 47 स्वीकृतियां जारी की गईं। नामांतरण के 404, भू-उपयोग परिवर्तन के 109 और निर्माण अवधि विस्तार के 45 प्रकरणों का समाधान किया गया। जनसेवाओं व नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करते हुए 6799 आवेदन व शिकायतों में से 6438 का निस्तारण किया गया। इनमें जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित 3509 प्रकरण, स्ट्रीट लाइट मरम्मत से संबंधित 1790 शिकायतें, स्ट्रीट लाइट स्थापना के 580 आवेदन, आवारा पशुओं से संबंधित शिकायतें, फायर एनओसी और ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र से जुड़े मामलों का समाधान किया गया।

# पर्यटन विकास कार्यों और योजनाओं को समयबद्ध किया जाए पूरा : दिया

उपमुख्यमंत्री ने परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के दिए निर्देश



FAIR REPORT
जयपुर

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को सचिवालय में पर्यटन, कला एवं संस्कृति और पुरातत्व विभाग की 15 प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने 'राइजिंग राजस्थान' के एमओयू की अधिक से अधिक ग्राउंड ब्रेकिंग किए जाने पर जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य राजस्थान को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर शीर्ष स्थान दिलाना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास कार्यों और योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उप मुख्यमंत्री को बैठक में पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान पर्यटन के प्रमोशन, डिजिटल प्लेटफॉर्म, हेरिटेज संरक्षण व आधारभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं की अब तक की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने पुष्कर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, मीडिया कैंपेन, आमेर लाइट एंड साउंड शो, टूरिज्म एप, महाराणा प्रताप सर्किट, टूरिज्म सेंटर (वॉल्ड सिटी), क्रिएटिव कैंपेन, वार म्यूजियम (झुंझुनूं), जयपुर 300 वर्ष पहल, आरटीडीसी प्रॉपर्टीज, आमेर मास्टरप्लान (फेज-I) - बेसिक अमेनिटीज व आमेर मास्टर प्लान – फेज II डीपीआर की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। उप शासन सचिव अनुपम कायल और अतिरिक्त निदेशक (पर्यटन) आनंद त्रिपाठी ने अल्बर्ट हॉल विकास कार्य व शिल्पग्राम री—डेवलपमेंट प्रोजेक्ट से सम्बंधित प्रगति से अवगत कराया।

### प्रदर्शनी का उद्घाटन

केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन सूचना केंद्र जयपुर में किया गया। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने गत 12 वर्षों में विकास, सुशासन, सांस्कृतिक गौरव, आधारभूत संरचना, गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# सांसद कंगना रनौत ने मुख्यमंत्री के साथ देखी फिल्म, कहा- यह मेरे लिए खास दिन



FAIR REPORT
जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित एंटरटेनमेंट पैराडाइज मिराज सिनेमा में फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की स्पेशल स्क्रीनिंग देखी। इस अवसर पर फिल्म की अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा एवं फिल्म के निर्माता-निर्देशक, नर्स प्रोफेशनल्स एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

कंगना ने कहा- मेरी पूरी टीम के साथ यहां हूं। सीएम और उनकी टीम यहां आई है, नर्सिंग स्टूडेंट्स आए हैं। यह मेरे लिए खास दिन है। मैं चाहती हूं कि आज मेरी फिल्म बोले। यह अनसंग हीरो की कहानी है, जो इस देश के असली हीरो हैं। हम आज यहां ऐसे ही अनसंग हीरोज को सम्मानित करेंगे।


इस अवसर प मुख्यमंत्री ने कहा कि 'राष्ट्र प्रथम' की भावना और समाज के प्रति संवेदनशीलता ही नागरिक की सबसे बड़ी पहचान होती है। राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर अपना सर्वस्व समाज और देश के लिए समर्पित करने वाले गुमनाम नायकों की प्रेरक गाथा को फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' में प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश ने 26/11 जैसे आतंकी हमलों से लेकर कोविड महामारी जैसे कठिन दौर में भी अनगिनत कर्मयोगियों की सेवा भावना को देखा है। चिकित्सकों, नर्सों, सुरक्षाकर्मियों तथा अन्य सेवा प्रदाताओं ने ऐसे समय में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए मानवता और राष्ट्रसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। यह फिल्म उन असंख्य लोगों के त्याग, साहस और समर्पण को रेखांकित करती है जो विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते हैं।

उन्होंने फिल्म के निर्माता एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रेरणादायी फिल्में युवाओं को कर्तव्य और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सभी समाज में सेवा एवं सहयोग के लिए आगे बढ़े। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए नर्सेज को सम्मानित भी किया गया।

## ब्रीफ खबरें

### फायर एनओसी नहीं... रूफ टॉप रेस्टोरेंट सहित 3 प्रतिष्ठान सीज

**जयपुर।** शहर में हुए पटाखा फैक्ट्री अग्निकांड जैसे हादसों के बाद शुक्रवार को जयपुर नगर निगम ने फायर एनओसी नहीं मिलने पर तीन बड़े रेस्टोरेंट को सीज करने की कार्रवाई की है। जांच में अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक अनुमतियां और मानकों की कमी पाए जाने के बाद प्रतिष्ठानों के संचालन पर 180 दिन तक रोक लगा दी गई है। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशन में उपायुक्त (फायर) प्रवीण कुमार के नेतृत्व में मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौत्तमलाल की टीम द्वारा अग्नि सुरक्षा मानकों की अवहेलना करने वाले संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई को अंजाम दिया। इसके तहत टोंक रोड स्थित BROTZEIT 95 ROOFTOP, सीकर रोड स्थित MASALA TRAILS ROOFTOP RESTAURANT और THE COKE RESTAURANT को भी सीज किया गया है। यह कार्रवाई राजस्थान नगरपालिकाएं अधिनियम 2009 की धारा 194 की उपधारा (7)(एफ) के तहत की गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौत्तमलाल ने बताया कि प्रतिष्ठान को पहले भी फायर एनओसी प्राप्त करने का नोटिस दिया गया था, लेकिन लापरवाही



बरती जा रही थी। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रतिष्ठान में पर्याप्त अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का अभाव होने से लोगों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। ऐसे में निगम ने संस्थान को तत्काल प्रभाव से 180 दिनों अथवा सक्षम प्राधिकारी के अगले आदेश तक सीज कर दिया। उन्होंने बताया कि सीज किए गए प्रतिष्ठानों में टोंक रोड़ स्थित BROTZEIT 95 ROOFTOP, गोपालपुरा बायपास स्थित MASALA TRAILS ROOFTOP RESTAURANT और सीकर रोड पर THE COKE RESTAURANT शामिल हैं। सीज अवधि के दौरान परिसर का किसी भी प्रकार से उपयोग, संचालन अथवा प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### कॉकरोच जनता पार्टी करेगी 15 को शहीद स्मारक पर प्रदर्शन



**जयपुर।** कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा 15 जून को शहीद स्मारक पर दोपहर 3 बजे से शांतिपूर्ण जनप्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रदेशभर से छात्र, अभिभावक, बेरोजगार युवा, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रदर्शन का उद्देश्य प्रदेश एवं देश की बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था, भर्ती परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक प्रकरणों, बढ़ती बेरोजगारी तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर जनजागरण और जनदबाव बनाना है। शुक्रवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता सम्मेलन को राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका, प्रोटेस्ट इंचार्ज दीपक बालियान, मीडिया इंचार्ज अभिषेक जैन बिट् और दलित एक्टिविस्ट रोशन मुड़िया आदि ने संबोधित किया। कॉकरोच जनता पार्टी प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि एक व्यंग्य के रूप में शुरू हुआ यह अभियान आज जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। वर्षों से युवाओं की वास्तविक समस्याओं को नजरअंदाज कर उन्हें धर्म, जाति और अन्य राजनीतिक मुद्दों में उलझाया जाता रहा, लेकिन अब युवा अपने अधिकारों और भविष्य के लिए संगठित होकर आवाज़ उठा रहे हैं। दिल्ली और पुणे में हुए शांतिपूर्ण आंदोलनों को मिले व्यापक समर्थन ने यह साबित कर दिया है कि देश का युवा अब चुप रहने वाला नहीं है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने की आरएसएमएम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# खनिजों का उत्पादन, विपणन और कारोबार बढ़ाने के दिए निर्देश

FAIR REPORT
जयपुर

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने राजस्थान स्टेट माइंस एवं मिनरल्स (आरएसएमएम) को फ्यूचरिस्टिक एप्रोच अपनाते हुए खनिजों के उत्पादन, विपणन और वार्षिक कारोबार बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। खेती-किसानी के जरुरी रॉक फास्फेट के उत्पादन में आरएसएमएम का लगभग एकाधिकार है। उन्होंने कहा कि वित वर्ष के शेष माहों का रोडमैप बनाकर क्रियान्वयन किया जाता है तो उसके अच्छे व सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।



एसीएस माइंस अपर्णा अरोरा शुक्रवार को सचिवालय के मंथन कक्ष में आरएसएमएम के कार्यों की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि राजस्थान खनिज संपदा युक्त प्रदेश है। आरएसएमएम द्वारा रॉक फास्फेट, लाइमस्टोन, लिग्नाइट और जिप्सम का खनन और बिक्री की जा रही है। हाल ही समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आरएसएमएम का वार्षिक कारोबार करीब 1922 करोड़ रु. का रहा है। हमें वार्षिक कारोबार और लाभदायकता बढ़ाने के समग्र एवं योजनाबद्ध प्रयास करने होंगे।

अरोरा ने कहा कि आरएसएमएम को पोटाश के एक्सप्लोरेशन और खनन की संभावनाओं को तलाशने के ठोस प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही नए क्षेत्रों में प्रवेश की संभावनाओं का आकलन करना होगा। उन्होंने लंबित विधानसभा प्रश्नों के उत्तर भिजवाने, बकाया ऑडिट पेराज के निस्तारण, रिक्त पदों पर भर्ती, जांच प्रकरणों का समयबद्ध निष्पादन और पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित कर कार्मिकों की बकाया डीपीसी कराने के निर्देश दिए।

आरएसएमएम के प्रबंध निदेशक पी. रमेश ने बताया कि आरएसएमएम में आर एण्ड डी प्रकोष्ठ का गठन किया जा रहा है ताकि खनन क्षेत्र में शोध को बढ़ावा दिया जा सके और देश दुनिया में आ रही नवीनतम तकनीक को स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार उपयोग की संभावनाएं तलाशी जा सके। इसके साथ ही यह प्रकोष्ठ बाजार मांग व आपूर्ति का भी अध्ययन कर समय समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। एमडी पी. रमेश ने बताया कि आरएसएमएम का वार्षिक टर्न ओवर 1922 करोड़ रु. से अधिक का रहा है और चालू वित्तीय वर्ष में वार्षिक कारोबार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। आरएसएमएम द्वारा हाल ही समाप्त वित्तीय वर्ष में 70 करोड़ 64 लाख टन खनिजों की बिक्री की है। इसमें 41 लाख 95 हजार टन लाइमस्टोन, 17 लाख 65 हजार टन रॉक फॉस्फेट, 9 लाख 24 हजार टन लिग्नाइट और एक लाख 80 हजार टन जिप्सम की बिक्री की गई है। उन्होंने कहा कि इस साल कारोबार में और अधिक वृद्धि के समन्वित प्रयास किये जा रहे हैं।

समीक्षा बैठक में विशिष्ट सचिव माइंस नम्रता वृष्णि, उप सचिव माइंस राकेश कुमार, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, ओएसडी तकनीकी सुनील कुमार वर्मा, आरएसएमएम की कार्यकारी निदेशक प्रशासन कीर्ति राठौड़, वित्तीय सलाहकार भारती राज, जीजीएम अरुण सिंह, प्रभारी लाइमस्टोन शैलेश जोशी, समूह महाप्रबंधक परियोजना नरेश एलयानी, प्रभारी मार्केटिंग हनुमंत सिंह, प्रभारी बजरी शंकर लाल सहित वरिष्ट अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## ब्रीफ खबरें

### 'सामाजिक समरसता का संदेश अत्यंत उपयुक्त और प्रासंगिक'



**भरतपुर।** टाइगर क्लब राजस्थान के तत्वाधान में टेक्नोलॉजी पार्क सेवर पर समरसता समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि सामाजिक समरसता का आदर्श हमारी संस्कृति के सार्वभौमिक मूल्य का आधार है। इससे संपूर्ण मानवता के अभ्युदय और कल्याण का मार्ग निकलता है। स्वार्थ, संकीर्णता, असम्मान,दुर्भावना, निंदा, हिंसा जैसी अनेक बाधाओ ने मानवीय जीवन के व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन के स्वरूप को विद्रूप बना डाला है। सुख, शांति, स्नेह ,सहयोग -सम्मान, त्याग, सेवा जैसे जीवन मूल्य खोज पाना मुश्किल है। ऐसे में सामाजिक समरसता का संदेश अत्यंत उपयुक्त और प्रासंगिक है। अध्यक्षता भाजपा की जिला अध्यक्ष शिवानी दायामा ने की, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा थे। डॉ आलोक शर्मा, राकेश फोजदार एवं लोकेश सिंघल ने अतिथियों का सम्मान किया। डॉक्टर मोहकम सिंह,श्याम सिंह जघीना मधुर एवं ओम प्रकाश आज़ाद ने काव्य पाठ किया। अनिल अग्रवाल, शिवलहरी शर्मा, डॉ प्रेम सिंह कुंतल, सुनील प्रधान, देवेंद्र चामड, रुपेश बंसल, भाजपा नेता गिरधारी तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज,अम्बेश, गोयल, राजेंद्र सिंघल, सत्य प्रिय,नोनिहाल, जनक बाबू शर्मा आदि भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसे में दो युवतियों समेत तीन की मौत

**अजमेर।** बांदनवाड़ा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार शाम हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। हादसे में दो युवतियों और एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया।। पुलिस के अनुसार बाइक सवार तीनों युवक-युवतियां राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक कार की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अजमेर के झड़वासा निवासी सम्राट नायक, किटाप निवासी



अर्चना जांगिड़ और शिवानी तिवारी के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के शव मोर्चरी में रखवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। यहां उनके पोस्टमार्टम को लेकर भी कुछ विवाद हो गया। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों को समझा दिया गया है, विवाद की कोई बात नहीं।

### नागौर में सेवा शिविरों का आगाज, उम्मीदों के साथ उमड़े शहरवासी



**नागौर।** जिले में शुक्रवार से लोगों को राहत देने के लिए शिविरों का शुभारंभ हुआ। 15 जुलाई तक चलने वाले इन शिविरों के माध्यम से प्रशासन अब सीधे वार्डों और गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेगा और उनके समाधान की दिशा में कार्रवाई करेगा। पहले दिन दिन नगर परिषद परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर में उपखंड अधिकारी एवं नगर परिषद आयुक्त गोविंद सिंह भींचर, भाजपा जिला अध्यक्ष रामधन पोटलिया सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान आमजन की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह भींचर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उसका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। भींचर ने बताया कि इन सेवा शिविरों के माध्यम से राजस्व, नगर परिषद, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जलदाय, विद्त, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे ।प्रशासन का लक्ष्य शहर को अधिक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और नागरिक सुविधाओं से युक्त बनाना है।

### विधायक-ईओ की बहस तू-तड़ाक तक पहुंची, वीडियो वायरल

**भरतपुर।** विधायक और ईओ की बहस हंगामेदार हुई और बात तू-तड़ाक तक पहुंच गई। मामला बयाना में मीटिंग के दौरान विधायक ऋतु बनावत और नगर पालिका ईओ अनीता कुशवाह के बीच का है। शुक्रवार को विधायक ऋतु बनावत अधिकारियों की बैठक लेने पहुंची थीं। उन्होंने पालिका की ईओ अनीता कुशवाह से कई सवाल किए। इस दौरान वहां बैठे लोगों में मौजूद ईओ के भतीजे नितिन कुशवाह ने टोकते हुए कहा कि अच्छे कामों की कोई तारीफ नहीं करता। इस पर विधायक ने पूछा- आप कौन हैं? जवाब में ईओ के भतीजे ने कहा- मैं जनता हूं, सब बोल रहे हैं तो मैं भी बोल रहा



हूं। विधायक ने कहा कि आप चुप रहिए, बीच में मत बोलिए। यहां अधिकारियों की बैठक चल रही है। मीटिंग अनुशासन में होगी। इस बात पर ईओ नाराज हो गई और विधायक से कहा- वो जनता है, उनको कैसे निकालने के लिए बोल दिया तूने, वो मेरी फैमिली है। जवाब में विधायक ने कहा कि बदतमीजी नहीं चलेगी। हालांकि लोगों के बीच बचाव करने के बाद मामला शांत हुआ।

# सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता: विधायक कृपलानी

### नरसिंहगढ़ में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन, मौके पर हुआ समस्याओं का समाधान

FAIR REPORT

**निम्बाहेड़ा।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंचायत समिति निम्बाहेड़ा की ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर 2026 का शुभारंभ पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। शिविर में उपखंड स्तर के 22 विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शिविर के दौरान विधायक कृपलानी ने विभिन्न विभागों की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कई



प्रकरणों का मौके पर समाधान करवाया। विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ग्रामीण सेवा शिविर सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम हैं, जहां लोगों को त्वरित राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें, इसके लिए प्रशासन स्वयं गांवों तक पहुंचकर सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने और विकास कार्यों में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। शिविर में उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, तहसीलदार घनश्याम जरवार, बीडीओ लक्ष्मण लाल, सीडीपीओ दिलीप सिंह राठौड़, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरविंद मूंदड़ा, नायब तहसीलदार दिवेश कांत परमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अतिथियों का उपरणा पहनाकर स्वागत किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ प्राप्त आवेदनों और समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया।

**डीग:** कामां के मुरार गांव की घटना, एक नाबालिग समेत दस घायल, इनमें छह की हालत गंभीर

# जमीन विवाद में दो गुटों में फायरिंग, दस घायल

FAIR REPORT

**डीग**

कामां थाना क्षेत्र के मुरार गांव में बरसों से चले आ रहे जमीन विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। कब्जे को लेकर आमने-सामने आए दो पक्षों के बीच पहले मारपीट शुरू हुई और बाद में फायरिंग।फायरिंग में महिलाओं और एक नाबालिग समेत कुल 10 लोग घायल हो गए। इनमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें भरतपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव व्याप्त हो गया, जिसके चलते प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। एसपी शरण गोपीनाथ काबले ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पुराना विवाद था। इसी विवाद के दौरान झगड़ा बढ़ा और फायरिंग की घटना हो गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चार लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। पूरे घटनाक्रम की गहन जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए हैं। गांव में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त



पुलिस बल तैनात किया गया है।

एसपी के अनुसार गांव के सोहनलाल और सर्वसुख के बीच लंबे समय से जमीन के स्वामित्व और कब्जे को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि एक पक्ष विवादित जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा था। जिसे दूसरे पक्ष ने रोकने का प्रयास किया. देखते-ही-देखते मामला कहासुनी से मारपीट में बदल गया और फिर दोनों तरफ से फायरिंग शुरू हो गई। गोलियां चलने से ग्रामीणों में भगदड़ मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे. घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। फायरिंग और संघर्ष में कुल 10 लोग घायल हुए हैं. घायलों में चेतराम (35), दाताराम (80), विमला देवी (40), राजन (50), जीवन (45), प्रीति (16), देशराज (40), सोहनलाल (55), पप्पू (45) और गीता देवी (48) शामिल हैं। इनमें दो महिलाएं और एक नाबालिग लड़की भी है। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल छह लोगों को भरतपुर के उच्च चिकित्सा केंद्र भेज दिया गया। बाकी घायलों का इलाज चल रहा है।

### महिला की हत्या, बोरों में मिला शव

**टोंक।** लवादर गांव में प्लास्टिक के बोरों में बंद एक अज्ञात महिला का आधा कटा शव मिला है। पिछले 2-3 दिनों से आ रही बदबू के बाद जब ग्रामीणों ने देर रात बोरा खोला, तो उसमें महिला का कमर से नीचे का हिस्सा मिला। हत्यारों ने साक्ष्य मिटाने और पहचान छुपाने के उद्देश्य से मृतका के शरीर को दो हिस्सों में काट दिया था। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस क शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है।

### कबड्डी के स्टेट प्लेयर की हत्या

**जोधपुर।** जिले के होटल कारोबारी के बेटे की पाली में लाठी-डंडे और सरियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक कबड्डी का स्टेट लेवल प्लेयर था। स्कॉर्पियो कार से अपने दोस्त के साथ 8 लाख रुपए लेकर जेसीबी खरीदने पाली जा रहा था। रास्ते में चार-पांच गाड़ियों में आए 20-25 बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया। लाठी-डंडों और सरियों से मारपीट करके लांबा गांव के पास छोड़कर फरार हो गए। घायल कापरडा क्षेत्र के रावर गांव निवासी मनोज (26) को मथुरादास माथुर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बिलाड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात लांबा गांव के पास की है। मनोज के पिता महीराम ओडिसा में होटल चलाते हैं। मनोज बीपीएड करके पीटीआई की तैयारी कर रहा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी जोधपुर जिले के हैं, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मनोज के साथ एक युवक और था, लेकिन उसके साथ ज्यादा मारपीट नहीं हुई।

### पुष्कर सरोवर में युवक-युवती का शव मिला



**पुष्कर।** पुष्कर सरोवर में शुक्रवार सुबह एक युवक व युवती के शव तैरते हुए मिले। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे घाट पर पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे स्थानीय तीर्थ पुरोहितों की नजर पानी में तैर रहे शवों पर पड़ी। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और लगभग 15 मिनट की मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकलवाया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों शव करीब 2 से 3 दिन पुराने हैं। पानी में रहने के कारण शव फूल गए थे और ऊपर आ गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पुष्कर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। युवती का आधार कार्ड बरामद हुआ है, जिसके आधार पर शवों की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सुसाइड की आशंका है।

### सीकर में बीज विक्रेताओं ने निकाली आक्रोश रैली, किया विरोध प्रदर्शन

FAIR REPORT

**सीकर**

कर्मचारियों को गिरफ्तार करने और पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को सीकर में बीज विक्रेताओं ने रैली निकाल कर आक्रोश जताया। व्यापारी दर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग कर रहे थे।

सीकर सहित प्रदेशभर के बीज विक्रेता पहले कृषि उपज मंडी में एकत्रित हुए, जहां उन्होंने सभा की। इसके बाद व्यापारियों ने रैली निकाली। यह रैली बजरंग कांटा और सिल्वर जुबली रोड होते हुए सीकर कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर पहुंची।

कलेक्ट्रेट पहुंचने पर जब काफी देर तक कोई प्रशासनिक अधिकारी ज्ञापन लेने बाहर नहीं आया, तो व्यापारियों का गुस्सा भड़क गया।



सभी लोग कलेक्ट्रेट के बाहर सड़क पर ही धरने पर बैठ गए और करीब आधे घंटे तक रास्ता जाम रखा। सहायक कलेक्टर सुशील कुमार सैनी खुद ज्ञापन लेने पहुंचे। अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने के बाद ही व्यापारियों ने सड़क से जाम हटाया और धरना समाप्त किया। जिलाध्यक्ष मनोज बजाज ने चेतावनी दी कि जल्द फैसला नहीं किया तो आंदोलन तेज होगा।

### रिहाई के आदेश के बावजूद 53-दिन जेल में रहा

**जोधपुर।** रिहाई के स्पष्ट आदेश जारी होने के बावजूद एक जने को 53 दिन तक हिरासत में रखने के मामले में हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति को रिहाई का आदेश होने के बाद हिरासत में बनाए रखना संविधान के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता का गंभीर उल्लंघन है। कोर्ट ने नागौर के एक मामले में अवैध हिरासत को लेकर कड़ी टिप्पणी करते हुए पीड़ित परिवार को 2 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने कहा आजादी छीनना प्रशासनिक गलती नहीं, संवैधानिक उल्लंघन है। खंडपीठ में नागौर जिले के एक व्यक्ति की ओर से वकील मोतीसिंह राजपुरोहित ने याचिका पेश की थी।

**अवैध बजरी परिवहन पर पारसोली पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, 25 टन बजरी बरामद; पांच चालक गिरफ्तार

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** जिले में अवैध खनन और बजरी परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पारसोली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। पुलिस ने मौके से पांच चालकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि एएसपी भगवत सिंह हिंगड़ के निर्देशन और डीएसपी बेंगू अंजली सिंह के सुपरविजन में पारसोली थाना पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को सुखपुरा से देवलच्छ की ओर आने वाले रास्ते पर देवलच्छ गांव



के पास नाकाबंदी के दौरान पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोका गया। जांच में इनमें करीब 25 टन अवैध बजरी भरी मिली। चालक बजरी परिवहन के संबंध में कोई अनुज्ञापत्र, रॉयल्टी रसीद या ई-रवाना पेश नहीं कर सके। पुलिस ने मौके से पांचों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर चालक प्रेमचंद (35) निवासी चांदगढ़ थाना बडलियास, महेन्द्र (27) निवासी आकोला थाना बडलियास, सावरमल (26) निवासी चांदगढ़ थाना बडलियास, शम्भू (25) निवासी बड़ी कुंडिया थाना रायला और दिनेश जाट निवासी चांदगढ़ थाना बडलियास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खनिज बजरी चोरी और अवैध परिवहन के मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई में थानाधिकारी ठाकराराम, एएसआई भैरूलाल सहित पुलिस टीम के जवानों की भूमिका रही।

**विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर पोस्टर विमोचन, संकल्प हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत**

# बालश्रम मुक्त चित्तौड़गढ़ के लिए सभी विभाग मिलकर करें काम : कलक्टर

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** जिले को बालश्रम मुक्त बनाने के लिए अब प्रशासन, विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को मिलकर अभियान चलाना होगा। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य देना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह बात जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। जिला कलक्टर ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में बाल अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित "बालश्रम




मुक्त चित्तौड़गढ़ अभियान" के पोस्टर का विमोचन किया। इसके साथ ही बालश्रम निषेध संकल्प हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया गया।कलक्टर डॉ. मंजू ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बालश्रम रोकने के लिए नियमित रूप से जनजागरूकता अभियान और रेस्क्यू कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले का कोई भी बच्चा बालश्रम से जुड़ा नहीं रहे। उन्होंने कहा कि चिन्हित और रेस्क्यू किए गए बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी बच्चों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित कर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त भविष्य की ओर आगे बढ़ाया जाए। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता ओम प्रकाश तोषणीवाल ने बताया कि जिला कलक्टर ने बालश्रम निषेध संकल्प फ्लेक्स पर हस्ताक्षर कर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों और लोगों ने भी बालश्रम उन्मूलन के लिए संकल्प लिया।कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विनय पाठक, अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश कुमार धाकड़, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामचन्द्र खटीक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा, उपखंड अधिकारी बीनू देवल, कोषाधिकारी दिग्विजय सिंह झाला, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और समाजसेवी मौजूद रहे।




# ON WARPATH

Police officers block student protesters during a rally against a fuel price hike, government inefficient spending, and military involvement in civilian affairs in Jakarta,

# Britain Marks Anniversary of Air India AI-171 Disaster; Questions Still Haunt Families of 260 Victims

FAIR REPORT

**AHMEDABAD** : One year after the catastrophic crash of Air India Flight AI-171 claimed 260 lives, Britain and India paused in remembrance of a tragedy that continues to cast a long shadow over both nations.

British High Commissioner to India Lindy Cameron returned to Ahmedabad on Friday, laying wreaths at the crash site where a routine international flight transformed into one of the deadliest aviation disasters in recent history.

The London-bound Boeing 787 Dreamliner crashed moments after takeoff from Sardar Vallabhbhai Patel International Airport on June 12 last year, slamming into a medical college hostel in Meghaninagar. Of the 242 passengers and crew on board, only one survived. The disaster also claimed 19 lives on the ground, pushing the death toll to 260, including 52 British nationals.

"One year ago today, the tragic Air India crash claimed 260 lives, including 52 British nationals," Cameron said, recalling her visit to the devastated site in the immediate aftermath and expressing solidarity with grieving families.



Across Ahmedabad, remembrance ceremonies, family gatherings and candlelight vigils reflected a grief that remains raw despite the passage of time. Yet for many relatives, mourning has been compounded by uncertainty.

A preliminary investigation by India's accident investigators revealed that fuel supply to the aircraft's engines had been interrupted shortly before impact. However, the report stopped short of determining whether the tragedy resulted from mechanical failure, human error or another cause, leaving critical questions unanswered.

The publication of cockpit exchanges intensified speculation, including theories of deliberate action by the flight crew. Investigators, however, have not substantiated any such claims, and the final cause remains undetermined.

Meanwhile, compensation efforts have progressed, with Air India and Tata Group entities completing the majority of interim financial assistance to affected families. But for those who lost loved ones, financial settlements offer little solace.

The crash also marked the first fatal accident involving a Boeing 787 Dreamliner since the aircraft entered commercial service in 2011, triggering worldwide scrutiny of operational and safety procedures.

Twelve months on, the wreckage has been cleared and official inquiries continue. Yet for 260 families spread across continents, the disaster is not a chapter of history. It remains an open wound—one marked by remembrance, loss and a relentless search for answers.

# Thriller till the last ball, Chittorgarh lost by 1 run



### Jodhpur won the match; Chittorgarh needed 4 runs on the last ball but scored only 3

FAIR REPORT


**Chittorgarh**: In the State Level Senior Women's T20 Cricket Championship, Chittorgarh team suffered a close 1-run defeat against host Jodhpur. The match remained exciting till the last ball. Chittorgarh needed 4 runs to tie the match on the final ball but could score only 3 runs. In the last league match of Group-D, Jodhpur scored 144 runs for 5 wickets in 20 overs. While chasing the target, Chittorgarh fought strongly and kept the match close till the end but missed the victory by just 1 run. For Jodhpur, Shreya Joshi scored 57 runs and Dhriti Mathur scored 53 runs. Both players made a strong opening partnership and helped Jodhpur reach a good total. For Chittorgarh, Mansvi Katta took 2 wickets, while Sumitra Kumari Jat and Anushka Chaudhary took 1 wicket each. While chasing 145 runs, Chittorgarh had a mixed start. Captain Sumitra Kumari Jat scored 12 runs from 10 balls but got out early. Urvashi Lohar then scored 25 runs from 28 balls. Anita Chaudhary played a strong innings of 47 runs from 36 balls with 5 fours and 1 six. She kept one side steady. Anushka Chaudhary supported her well by scoring 29 runs from 26 balls. Their partnership kept Chittorgarh in the match. Chittorgarh needed 9 runs in the final over. Anushka scored 2 runs on the first ball but was out on the next ball after scoring 29 runs. Shivlata Dhakad scored 1 run but was run out while trying for the second run. After a wide ball, Anu Kumari Dhakad was also dismissed. Mansvi Katta scored 5 runs from the last two balls and gave hope of victory. On the last ball, Chittorgarh needed 4 runs to tie the match but could score only 3 runs. Chittorgarh lost the match by just 1 run. However, the team's chances of reaching the knockout stage are still alive. The pre-quarterfinal matches will start from June 14.

# Three-year absconding drug supplier with ₹15,000 reward arrested

### Shambhupura Police action under Operation Trinetra, accused was in Top-10 wanted list

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** Shambhupura Police have arrested a drug supplier who was absconding for more than three years in an NDPS Act case. The accused had a reward of 15,000 on his arrest and was also included in the police Top-10 wanted criminals list. District Police Superintendent Dharmendra Singh said that the action was taken under the special campaign Operation Trinetra launched against illegal drug trafficking. The action was carried out under the direction of ASP Chittorgarh Mukul Sharma, supervision of DSP Bhadesar Vinod Kumar, and leadership of Shambhupura Police Station Officer Dharmraj Meena. The police team, including Head Constable Fateh Singh and Constables Dinesh and Gopal, arrested the accused Jagdish Upadhyay (48), a resident of Sandiya village, Ma- nasa Police Station, Neemuch (Madhya Pradesh). According to police, in February 2023, during a checking operation in Shambhupura area, police recovered 157 kg of illegal opium doda chura packed in eight bags from a car. Two accused were arrested at that time, but the supplier Jagdish Upadhyay was absconding. Police had announced a reward of 15,000 for his arrest. The accused is now being questioned regarding the drug supply network and other persons involved in the case.




# Collector inspected camps, checked implementation of government schemes

### Visited every stall, listened to public issues; distributed lease documents to beneficiaries

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** To ensure that the benefits of government schemes reach every person, District Collector Dr. Manju inspected the urban and rural development camps on Friday. She visited the urban camp organized in Municipal Council area wards 1 to 4 and the rural camp held at Eral Gram Panchayat of Chittorgarh Panchayat Samiti. During the inspection, the District Collector visited different department stalls and took information about the progress of schemes and benefits being provided to people. She instructed officials to listen to every person's problem seriously and solve them with sensitivity and a service attitude so that eligible people can get the benefits of government schemes. The District Collector said that the aim of the state government is to ensure that welfare schemes reach the last person of society. She interacted with people, listened to their problems, and directed officials to resolve issues quickly. During the visit, Dr. Manju also inspected the Women and Child Development Department stall. She fed food to children and performed the Annaprashan ceremony. She encouraged parents to take special care of children's health and nutrition and take benefits of department schemes. The Collector also distributed lease documents to eligible beneficiaries at the camps. The beneficiaries expressed gratitude to the state government and district administration.



Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005•
Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**